एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

प्रियंका चोपड़ा ने पोस्ट की अपने पहले करवा चौथ की तस्वीरें

बॉलिवुड ऐक्ट्रेसेस भी करवा चौथ काफी धूमधाम से मनाती हैं, जिसका सच बयां करती हैं उनकी इंस्टाग्राम तस्वीरें। ऐसे में भला देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा कैसे पीछे रह सकती हैं। प्रियंका चोपड़ा का यह पहला करवा चौथ था और उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें किसी नई दुलहन सी दिख रही हैं वह। इन तस्वीरों में प्रियंका लाल साड़ी और लाल चूड़ियों में नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया है कि वह अपना पहला करवा चौथ लॉस ऐंजिलिस में मना रही हैं। इस तस्वीर में प्रियंका निक की बाहें थामे उनके कंधे पर सिर रखकर बैठी नजर आ रही हैं। निक जोनस ने भी अपने इंस्टाग्राम पर प्रियंका के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें दोनों मस्ती करते नजर आ रहे हैं। प्रियंका ने अपने हाथों की मेहंदी की भी तस्वीर पोस्ट की है। रेड साड़ी में प्रियंका काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके अलावा प्रियंका ने एक और तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनकी मांग में सिंदूर नजर आ रहा है और उन्होंने वाइट शर्ट पहन रखी है। इन तस्वीरों में उनके कुछ फ्रेंड्स भी पीछे बैठे नजर आ रहे हैं।

टीवी पर कोमोलिका बन लौटीं आमना शरीफ

कई टीवी शोज और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस आमना शरीफ करीब 6 साल बाद शोबिज में वापसी करने जा रही हैं। वह एकता कपूर के पॉप्युलर टीवी शो कसौटी जिंदगी के में कोमोलिका के किरदार में नजर आएंगी।

आमना से पहले ऐक्ट्रेस हिना खान कोमोलिका के रोल में थीं। लेकिन किन्हीं वजहों से उन्होंने यह शो छोड़ दिया था। इसके बाद फैन्स को बड़ा झटका लगा था क्योंकि एक वैम्प के रोल में फैन्स हिना को पसंद करने लगे थे। हिना के शो छोड़ने के बाद फैन्स के बीच यह जानने की उत्सुकता बढ़ गई थी कि आखिर हिना के बाद अब कौन कोमोलिका का रोल प्ले करेगा? कौन उस किरदार में फिट होगा। यह उत्सुकता भी उस वक्त शांत हो गई जब हाल ही में शो के मेकर्स ने नई कोमोलिका यानी आमना शरीफ के साथ शो का प्रोमो रिलीज किया। आमना के लुक और ऐक्ट ने सभी को इम्प्रेस कर दिया।

अपने रोल के बारे में बात करते हुए आमना शरीफ ने कहा, उर्वशी ढोलकिया और हिना खान ने कोमोलिका के किरदार को काफी पॉप्युलर कर दिया है। लेकिन एकता कपूर पर मेरा पूरा विश्वास है और मुझे साइन करने के उनके फैसले पर मैं सवाल नहीं उठाना चाहती। मैं नहीं चाहती कि वह यह सोचें कि आखिर उन्होंने मुझे कोमोलिका के रोल के लिए क्यों साइन किया। तुलना तो हमेशा ही होगी लेकिन मैं कोशिश करूंगी कि अलग दिखूं। मैंने कसौटी जिंदगी के अब तक नहीं देखा क्योंकि मैं कोमोलिका को अपना ही रंग और फ्लेवर देना चाहती थी।

शो में अपने लुक के बारे में बात करते हुए आमना शरीफ ने कहा, मेरा लुक काफी स्टाइलिश है और इसकी हरेक बारीकी पर काफी काम किया गया है, खासकर जूलरी पर। दर्शकों ने सोचा भी नहीं था कि वे मुझे इस अवतार में देखेंगे लेकिन मैं कोमोलिका प्ले करने को लेकर काफी एक्साइटेड हूं।

बता दें कि आमना शरीफ ने अपने बच्चे की देखभाल के लिए ऐक्टिंग से 6 साल का ब्रेक ले लिया था। लेकिन अब वह अपने कमबैक के लिए कमर कस चुकी हैं और उम्मीद करती हैं फैन्स उन्हें कोमोलिका के किरदार में जरूर पसंद करेंगे।

दीया मिर्जा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 18 साल

पूर्व ब्यूटी क्वीन और बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा ने 18 साल पहले फिल्म रहना है तेरे दिल में के साथ बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. उस दौर को याद करते हुए दीया ने कहा कि उनकी यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म अपने वक्त से आगे बढ़कर थी. फिल्म 18 साल पहले 19 अक्टूबर को रिलीज हुई थी, दिया ने इसे याद करते हुए कहा, पहली चीज हमेशा खास होती है, लेकिन रहना है तेरे दिल में एक ऐसी फिल्म है जो अपने समय से पहले की थी और यह एक खूबसूरत कहानी थी जिसमें रोमांस भरपूर था. मेरे एक्टिंग करियर के लिए एक यादगार शुरुआत के अलावा इसने मुझे जिंदगी भर के रिश्ते और दोस्त दिए हैं. आज भी यकीन करना मुश्किल है कि फिल्म को शूट किए 18 साल हो गए हैं. गौतम मेनन द्वारा निर्देशित यह फिल्म तमिल मूवी मिन्नाले की रीमेक है जिसमें दीया के साथ आर.माधवन और सैफ अली खान भी मुख्य भूमिकाओं में थे. बता दें कि कुछ ही दिनों पहले दीया मिर्जा ने तलाक की खबर से अपने फैंस को बुरी तरह से हैरान कर दिया था. दीया मिर्जा ने अपनी 11 साल लंबी शादी को तोड़ने का फैसला लिया. दीया मिर्जा और साहिल सांघा ने एक ज्वाइंट बयान जारी कर अपने अलग होने की बात कही थी. इंस्टाग्राम पर जारी बयान में उन्होंने लिखा, 11 साल तक अपनी ज़िंदगी को एक दूसरे से बांटने और साथ रहने के बाद हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला कर लिया है. हम दोस्त रहेंगे और हमेशा प्यार और इज्जत के साथ एक दूसरे के लिए खड़े रहेंगे.